# कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित

"वन धन भवन" सेक्टर 24, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

दूरभाषः (0771) 2513100 से 2513110

E-mail: mfpfed.cg@nic.in; Website: www.cgmfpfed.org


## विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती हेतु नियम, शर्तें एवं चयन प्रक्रिया

1. नियुक्ति हेतु आवेदन केवल आनलाईन माध्यम से दिनांक 14.12.2022 को रात्रि 12:00 बजे तक ही स्वीकार किये जायेगें । व्यक्तिगत रूप से प्राप्त अथवा अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा ।
2. **शैक्षणिक योग्यता** - पदवार शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होगी ।

| क्र. | पदनाम | पद संख्या | शैक्षणिक योग्यता/न्यूनतम अर्हता | मासिक एकमुश्त वेतन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मैनेजर (परियोजना प्रबंधन) | 01 | वनस्पति शास्त्र / वानिकी में स्नातकोत्तर तथा परियोजना प्रबंधन संबंधित क्षेत्र में 05 वर्ष का अनुभव (ग्रामीण विकास कार्यों में डिप्लोमा अथवा डिग्रीधारी को प्राथमिकता)। | 49,000/- |
| 2. | मैनेजर (परियोजना वित्त) | 01 | चार्टड एकाउंटेंट एवं 01 वर्ष का अनुभव । | 49,000/- |
| 3. | मैनेजर (संग्रहण) | 01 | विज्ञान / वानिकी / कृषि विषय में स्नातकोत्तर तथा संबंधित कार्य में 05 वर्ष का अनुभव । | 49,000/- |
| 4. | मैनेजर (प्रसंस्करण) | 01 | बी.ई. / बी.टेक. मैकनिकल या खाद्य प्रसंस्करण में इंजीनियरिंग । संबंधित क्षेत्र में 01 वर्ष का अनुभव । | 49,000/- |
| 5. | मैनेजर (विपणन) | 01 | एम.बी.ए. (मार्केटिंग) मार्केटिंग क्षेत्र में 05 वर्ष का अनुभव । | 49,000/- |
| 6. | सहायक प्रोग्रामर (परियोजना) | 01 | बी.टेक. कम्प्यूटर साईस अथवा एम.एस.सी. आई.टी. अथवा एम.सी.ए. एवं एक वर्ष का प्रोग्रामिंग कार्य में अनुभव । | 27,440/- |
| 7. | एकाउण्ट असिसटेंट (परियोजना) | 01 | एम.कॉम. । | 20,900/- |

**3. समय सारणी :-**

| क्र. | विषय | रिक्तियां | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन जारी करने का दिनांक | समस्त विज्ञापित रिक्तियों हेतु | 23.11.2022 | |
| 2. | ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि | समस्त विज्ञापित रिक्तियों हेतु | 28.11.2022 | प्रातः 11:00 बजे से |
| 3. | ऑनलाईन आवेदन अंतिम तिथि | समस्त विज्ञापित रिक्तियों हेतु | 14.12.2022 | रात्रि 12:00 बजे तक |
| 4. | पात्र/अपात्र अभ्यार्थियों की सूची दावा आपत्ति हेतु | समस्त विज्ञापित रिक्तियों हेतु | 23.12.2022 | |
| 5. | दावा आपत्ति प्रेषित करने की अंतिम तिथि (संघ मुख्यालय में शाम 5:30 बजे तक प्रेषित किया जाना है) | समस्त विज्ञापित रिक्तियों हेतु | 30.12.2022 | शाम 5:30 बजे तक |
| 6. | पात्र अभ्यर्थीयों की चयन सूची (दावा आपत्ति उपरांत) | समस्त विज्ञापित रिक्तियों हेतु | 06.01.2023 | |
| 7. | ग्रुप चर्चा/कौशल परीक्षा हेतु (चयन सूची) | समस्त विज्ञापित रिक्तियों हेतु | 13.01.2023 | |
| 8. | ग्रुप चर्चा | समस्त विज्ञापित मैनेजर रिक्तियों हेतु | 20.01.2023 | |
| 9. | कौशल परीक्षा | समस्त विज्ञापित सहायक प्रोग्रामर/लेखा सहायक रिक्तियों हेतु | 31.01.2023 | |
| 10. | साक्षात्कार | समस्त विज्ञापित रिक्तियों हेतु | 15.02.2023 | |
| 11. | अंतिम परिणाम घोषणा | समस्त विज्ञापित रिक्तियों हेतु | 27.02.2023 | |
| 12. | चयनित अभ्यर्थी उपस्थिति अंतिम दिनांक | समस्त विज्ञापित रिक्तियों हेतु | 13.03.2023 | |
| 13. | चयनित अभ्यर्थी के उपस्थिति न देने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची में दर्शित अभ्यर्थियों को उपलब्ध रिक्तियों के लिए सूचना | समस्त विज्ञापित रिक्तियों हेतु | 20.03.2023 | |
| 14. | चयनित अभ्यर्थी के उपस्थिति न देने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची में दर्शित अभ्यर्थियों का उपस्थिति अंतिम दिनांक | समस्त विज्ञापित रिक्तियों हेतु | 05.04.2023 | |

**4.** (1) सहायक प्रोग्रामर (परियोजना), एकाउण्ट असिसटेंट(परियोजना) हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम प्राप्तांक 55% या उससे अधिक होना अनिवार्य है।

(2) सहायक प्रोग्रामर (परियोजना), एकाउण्ट असिसटेंट(परियोजना) हेतु कौशल परीक्षा, ग्रुप चर्चा, साक्षात्कार हेतु चयनित किये गये अभ्यर्थियों में से 1:20 अनुपात में बुलाया जायेगा।

5. **आयु सीमा** - उम्मीदवार की आयु दिनांक 01.11.2021 को 21 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए ।

निम्नालिखित श्रेणी के उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक एफ 3-2/201521-3 दिनांक 30.01.2019 के तहत् निम्नानुसार छूट प्राप्त होगी -

अ. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रिमीलेयर) के उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट ।
ब. महिला उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट ।
स. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी को अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट ।

**(टीपः- सभी छूटों को मिलाकर अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी । आयु की पुष्टि मूल अभिलेखों से परीक्षण के दौरान 10वीं की मार्कशीट द्वारा की जावेगी । यदि आवेदक द्वारा गलत जानकारी प्रस्तुत किया जाना पाया गया तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त मानी जावेगी ।)**

6. **निवासी** - आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है ।

7. **अनुभव के संबंध में निर्देश** -

7.1 छत्तीसगढ़ शासन के अधीन कार्यरत शासकीय सेवक तथा विभिन्न नगर निगमों / मंडल राज्य के उपक्रम / अन्य राज्यों एवं भारत सरकार अथवा उनके निजी उपक्रम की सेल में कार्यरत अथवा राष्ट्रीयकृत / अराष्ट्रीयकृत बैंक अथवा निजी संस्थाओं एवं किसी भी विश्वविद्यालय में कार्यरत इच्छुक आवेदक को नियोक्ता संस्था के अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

7.2 आवेदक को आवेदन पत्र के शैक्षणिक योग्यता के दस्तावेजों के प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संबंधित संस्था से जहां मूल अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । अन्यथा उक्त अनुभव मान्य नही किया जायेगा ।

7.3 पदों के विरूद्ध दर्शित अनुभव से कम अनुभव / बिना प्रमाण पत्र वाले आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा । इस संबंध में पुनः विचार हेतु प्रावधान नही है ।

7.4 वांछित अनुभव के संबंध में विस्तृत विवरण परिशिष्ट-1 में संलग्न है ।

7.5 उपयुक्त अनुभव न होने के स्थिती में चयन समिति द्वारा आवेदक का आवेदन निरस्त किया जा सकेगा । इस हेतु चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा ।

7.6 अनुभव की उपयुक्तता का आकलन चयन समिति द्वारा किया जावेगा । चयन समिति के निर्णय अंतिम होगा ।

8. **कार्य दायित्व**

8.1 **मैनेजर (परियोजना प्रबंधन)** : परियोजना निर्माण प्रबंधन, शाखाओं पर नियंत्रण, अनुसंधान विस्तार, उद्यमिता विकास, मानव संसाधन विकास, आदि ।

8.2 **मैनेजर (वित्त)** : अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपज व्यापार, वित्त प्रबंधन, लेखा तथा अंकेक्षण ।

8.3 **मैनेजर (संग्रहण)** : संग्रहण, संवर्धन, वनधन विकास योजना एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का क्रियान्वयन

8.4 **मैनेजर (प्रसंस्करण)** : लघु वनोपज प्रसंस्करण काय्र एवं केन्द्रीय तथा क्षेत्रीय प्रसंस्करण इकाई की स्थापना एवं संचालन ।

8.5 **मैनेजर (विपणन)** : कच्चे वनोपज एवं हर्बल उत्पादों का विपणन, टेंडर दर निर्धारण, प्रचार-प्रसार ।

8.6 **सहायक प्रोग्रामर (परियोजना)** : सूचना प्रबंधन प्रणाली आधारित मॉनिटरिंग कार्य, रैंकिंग तथा सॉफ्टवेयर विकास ।

8.7 **लेखा सहायक (परियोजना)** : टंकण कार्य, शाखा सहायक, टैली 9.0 उपयोग में अनुभव ।

**9. चयन प्रक्रिया -**

चयन प्रक्रिया हेतु वरीयता सूची निम्नानुसार तैयार की जावेगी -

| विवरण | मैनेजर हेतु अंक | सहायक प्रोग्रामर हेतु अंक | लेखा सहायक हेतु अंक |
|---|---|---|---|
| शैक्षणिक योग्यता | 10 | 20 | 20 |
| अनुभव | अधिकतम 50 | अधिकतम 15 | अधिकतम 15 |
| ग्रुप डिस्कशन | 25 | | |
| कौशल परीक्षा | | 50 (Programming) | 50 (Tally) |
| साक्षात्कार | 15 | 15 | 15 |
| **कुल** | **100** | **100** | **100** |

मैनेजर पद हेतु अनुभव की गणना निम्नानुसार की जावेगी :

| पदनाम | प्रासंगिक अनुभव (Relevant Experience) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 30 अंक | 40 अंक | 45 अंक | 50 अंक |
| मैनेजर (परियोजना प्रबंधन/संग्रहण/विपणन) | 5 वर्ष पूर्ण | 7 वर्ष पूर्ण किंतु 8 वर्ष से कम | 8 वर्ष पूर्ण किंतु 10 वर्ष से कम | 10 वर्ष पूर्ण या अधिक |
| मैनेजर (वित्त /प्रसंस्करण) | 1 वर्ष पूर्ण किंतु 3 वर्ष से कम | 3 वर्ष पूर्ण किंतु 5 वर्ष से कम | 5 वर्ष पूर्ण किंतु 7 वर्ष से कम | 7 वर्ष पूर्ण किंतु 8 वर्ष से अधिक |

सहायक प्रोग्रामर पद हेतु अनुभव की गणना निम्नानुसार की जावेगी :

| पदनाम | प्रासंगिक अनुभव (Relevant Experience) | | |
|---|---|---|---|
| | 5 अंक | 10 अंक | 15 अंक |
| सहायक प्रोग्रामर | 1 वर्ष पूर्ण किंतु 3 वर्ष से कम | 3 वर्ष पूर्ण किंतु 5 वर्ष से कम | 5 वर्ष पूर्ण या 5 वर्ष से अधिक |

**10. आवेदक हेतु अन्य निर्देश -**

10.1 विज्ञापित पदो की संख्या में आवश्यकतानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है ।

10.2 छत्तीसगढ़ के किसी भी जिले के रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन होना आवश्यक है ।

10.3 अपूर्ण, अस्पष्ट, त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को अस्वीकार कर दिया जावेगा एवं इस संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी ।

10.4 आवेदन करने के अंतिम तिथि को आवेदक के समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र जीवित (वैध) होना अनिवार्य है । आवेदन भरने के संबंध में आवश्यक सावधानी बरतें, बाद में आवेदक के द्वारा जन्म तिथि, वर्ग, विषय आदि संशोधन मान्य नहीं होगा ।

10.5 कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिये नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा ।

10.6 कोई भी पुरूष उम्मीदवार जिसकी एक से अधिक पत्नियॉ जीवित हों, और कोई भी महिला उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले ही एक पत्नी जीवित हो किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा ।

10.7 आवेदक जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध या दोष सिद्ध ठहराया गया हो, नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा ।

10.8 कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है, इनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ हो, नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा । परंतु कोई भी आवेदक जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए निरार्हित नही होगा ।

10.9 रिक्त पद, निर्धारित अर्हता, चयन प्रक्रिया तथा अन्य संबंधित जानकारी संघ के वेबसाईट www.cgmfpfed.org पर उपलब्ध कराई जाएगी । इस संबंध में अभ्यर्थियों को पृथक से सूचना पत्र प्रेषित नही किया जावेगा । अतः आवेदक www.cgmfpfed.org का निरंतर अवलोकन करते रहें ।

10.10 आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर ले और अर्हता की समस्त शर्तो को पूरा करने पर आवेदन पत्र भरे । चयन प्रक्रिया के स्तर पर भी आवेदक को अयोग्य पाये जाने पर उनका आवेदन पत्र निरस्त कर उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जावेगी, इसके लिए किसी भी प्रकार की पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी ।

10.11 विज्ञापन में तथ्यात्मक/लिपिकीय त्रुटि चयन के किसी भी स्तर में सुधारी जा सकती है, जिसकी विधिवत सूचना वेबसाईट www.cgmfpfed.org में प्रकाशित होगी ।ऐसे त्रुटि सुधार से चयन की प्रक्रिया अप्रभावित रहेगी ।इसके संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नही होगा ।

10.12 चयन के संबंध में नियुक्तिकर्ता अधिकारी (प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित) का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा ।

10.13 यदि आवेदक एक से अधिक पदों हेतु आवेदन करना चाहते है तो उन्हें प्रत्येक पद हेतु पृथक- पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा ।

10.14 संविदा नियुक्ति संघ के संविदा नियुक्ति नियम 2013 के तहत 01 वर्ष के लिए होगी ।

10.15 चयनित उम्मीदवारों की सूची के साथ प्रतीक्षा सूची भी जारी की जायेगी जो कि आदेश दिनांक से 01 वर्ष के लिये वैध रहेगी ।

10.16 उक्त प्रतीक्षा सूची जारी दिनांक से 01 वर्ष तक संघ में समान पद की रिक्तियां उद्भूत होने पर उनकी पूर्ति प्रतीक्षा सूची से की जा सकेगी ।

10.17 कार्य संतोषजनक होने पर आवश्यकतानुसार संविदा नियमानुसार संविदा अवधि बढ़ाई जा सकती है ।

10.18 चयनित आवेदकों को छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी स्थान पर पदस्थापना दी जा सकती है । यह पदस्थापना दूरस्थ क्षेत्र में भी हो सकता है । नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा । निर्धारित समय में उपस्थिति नही देने की स्थिति में चयनित आवेदकों की नियुक्ति स्वतः ही समाप्त मानी जावेगी । कार्य की आवश्यकता को देखते हुये प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ समय-समय पर पदस्थापना में परिवर्तन भी कर सकते है ।

10.19 चयनित आवेदकों को छत्तीसगढ़ के वनवासियों के अजीविका के लिये कार्य करना है। इस हेतु आवेदक को संपूर्ण राज्य में किसी भी स्थान पर नियुक्तकर्ता अधिकारी अथवा सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार क्षेत्र भ्रमण किया जाना होगा । क्षेत्र भ्रमण दूरस्थ एवं

संवेदनशील क्षेत्रों में भी किया जाना होगा । आवश्यकतानुसार राज्य के बाहर भी प्रवास पर जाना होगा । तदनुसार इच्छुक अभ्यर्थी ही आवेदन प्रस्तुत करें ।

10.20 सेवा के दौरान उभय पक्षों द्वारा एक माह का वेतन अथवा एक माह का नोटिस देकर सेवा समाप्त की जा सकती है । सेवा के दौरान अनुशासनहीनता / अनुचित व्यवहार या अनियमितता के आधार पर तत्काल प्रभाव से संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी ।

10.21 ऐसे आवेदक जिन्हें पूर्व सेवा अनुशासनहीनता / अनुचित व्यवहार या अनियमितता के आधार पर किसी शासकीय विभाग द्वारा किसी भी पद से पृथक किया गया हो तो वह चयन के लिये पात्र नही होंगे ।

10.22 किसी भी आवेदक द्वारा यदि गलत जानकारी प्रस्तुत की गयी है । तो चयन प्रक्रिया के समय अथवा चयन के पश्चात किसी भी समय उसकी सेवा निरस्त की जा सकती है ।

10.23 चयन हेतु आवेदक की पात्रता/अपात्रता के संबंध में निर्णय लेने का अंतिम अधिकार प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, नवा रायपुर अटल नगर को होगा ।

**11.** कार्य दायित्व का निर्धारण एवं परिवर्तन का अधिकार नियोक्ता का होता है, अतः आवश्यकतानुसार चयन उपरांत कार्य आबंटन आदेश में इसका उल्लेख किया जा सकता है ।

**12. मूल दस्तावेज सत्यापन** -

आवेदक को साक्षात्कार के पूर्व संघ मुख्यालय में मूल दस्तावेजों का परीक्षण कराया जाना अनिवार्य होगा । आवेदन के समय प्रस्तुत जानकारी एवं मूल दस्तावेजों में अंकित जानकारी समान होने पर ही आवेदक साक्षात्कार हेतु पात्र होगा । त्रुटिपूर्ण जानकारी/वांछित जानकारी प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में साक्षात्कार से वंचित किया जायेगा । इस संबंध में कोई भी अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा । आवेदक साक्षात्कार तिथि को निम्नानुसार मूल दस्तावेजों के साथ 2 सेट में सत्यापित फोटो प्रतियां तथा 01 पासपोर्ट साईज का फोटो भी प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे ।

1. हाईस्कूल प्रमाण पत्र की मूल प्रति ।
2. आवेदन के साथ संलग्न शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र एवं हायर सेकेण्डरी की अंकसूची की मूल प्रति ।
3. जाति प्रमाण पत्र का मूल प्रति ।
4. मूल निवास प्रमाण पत्र की मूल प्रति ।
5. रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र की मूल प्रति ।
6. जन्मतिथि प्रमाण पत्र अथवा हाई स्कूल प्रमाण पत्र की मूल प्रति ।
7. फोटो युक्त पहचान पत्र (ड्रायविंग लायसेन्स, आधार कार्ड या कोई भी राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी पहचान कार्ड) तथा पासपोर्ट साईज का नवीनतम फोटोग्राफ।
8. संबंधित संस्था द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र (जो विगत 6 माह के भीतर जारी किया हो) ।
9. अन्य आवश्यक अभिलेख एवं छायाप्रति ।

**प्रबंध संचालक**
छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, नवा रायपुर

**योग्यता संबंधी विवरण :**

**पद नाम : मैनेजर (परियोजना प्रबंधन)**

**योग्यता** : वनस्पति शास्त्र / वानिकी में स्नातकोत्तर तथा परियोजना प्रबंधन संबंधित क्षेत्र में 05 वर्ष का अनुभव (ग्रामीण विकास कार्यों में डिप्लोमा अथवा डिग्रीधारी को प्राथमिकता) ।

**वांछित अनुभव :**

1. आवेदक को परियोजना निर्माण तथा क्रियान्वयन का अनुभव होना चाहिये । आवेदक को सक्षम अधिकारी के पास यह प्रस्तुत करना होगा कि उनके द्वारा किन-किन परियोजना का निर्माण तथा क्रियान्वयन किया गया है ।
2. आवेदक को परियोजना संबंधी वित्त प्रबंधन, बजट गणना, प्रबंधन का अनुभव हो ।
3. आवेदक द्वारा मानव संसाधन विकास का कार्य अर्थात नियुक्ति, अमले का प्रबंधन, प्रशिक्षण का अनुभव होना चाहिये ।
4. आवेदक द्वारा हितग्राहियों / किसानों का प्रशिक्षण आयोजित करने की क्षमता हो ।
5. आवेदक को सप्लाई चैन मैनेजमेंट का अनुभव होना चाहिये ।
6. आवेदक को लघु वनोपज / कृषि उत्पादों के क्रय / प्रसंस्करण / विपणन का ज्ञान तथा अनुभव होना चाहिये ।
7. आवेदक द्वारा लघु वनोपज संरक्षण संबंधी कार्य भी किया गया हो ।
8. आवेदक को पालिसी निर्माण का अनुभव होना चाहिये ।
9. आवेदक द्वारा विभागों में निर्माण की गई पालिसी का ब्यौरा देना होगा ।
10. आवेदक खाद्य / औषधि संबंधी अनुसंधान विस्तार तथा तकनीक का ज्ञान रखता हो ।
11. आवेदक को एफ.पी.ओ. निर्माण, उद्यमिता विकास, बाजार सर्वेक्षण आदि का कार्य ज्ञान होना अनिवार्य है ।

**पद नाम : मैनेजर (वित्त)**

**शैक्षणिक योग्यता** - चार्टड एकाउंटेंट एवं 01 वर्ष का अनुभव

**वांछित अनुभव :**

1. आवेदक को शासकीय परियोजनाओं के वित्त प्रबंधन कार्य अनुभव होना अनिवार्य है ।
2. आवेदक को परियोजनाओं का बिजनेस प्लान, डी.पी.आर आदि निर्माण का अनुभव हो ।
3. आवेदक को विभिन्न प्रकार की शासकीय स्थिति जैसे - स्फूर्ती, MSME, PFME आदि का ज्ञान हो ।
4. आवेदक को वार्षिक योजना, वार्षिक बजट प्लान बनाने की योग्यता हो ।
5. आवेदक को परियोजनाओं की आडिटिंग, लेखा कार्य बजट पालिसी निर्माण आदि का अनुभव हो ।

**पदनाम : मैनेजर (संग्रहण)**

**शैक्षणिक योग्यता :** विज्ञान / वानिकी / कृषि विषय में स्नातकोत्तर तथा संबंधित कार्य में 05 वर्ष का अनुभव ।

**वांछित अनुभव :**

1. आवेदक को लघु वनोपज / कृषि / उद्यानिकी उपज के क्रय की जानकारी तथा अनुभव हो ।
2. आवेदक को लघु वनोपज / कृषि / उद्यानिकी उपज के के सप्लाई चैन तंत्र के प्रबंधन का ज्ञान हो । वह लघु वनोपज / कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य / निर्धारित दर में क्रय का अनुभव रखता / रखती हो । शासकीय अनुभव को प्राथमिकता दी जावेगी ।
3. आवेदक जिन्हें लघु वनोपज / कृषि आधारित संख्या में उद्योगों के बैकवर्ड / फारवर्ड लिंकेज का अनुभव हो, को प्राथमिकता दी जावेगी ।
4. जिन आवेदकों को उत्पाद गुणवत्ता निर्धारण, क्रय हेतु गुणवत्ता तकनीक क्रियान्वयन का अनुभव हो, को प्राथमिकता दिया जावेगा ।
5. आवेदक को क्रय हेतु परियोजना निर्माण तथा संचालन का अनुभव हों ।
6. आवेदक क्रय के साथ-साथ प्राथमिक प्रसंस्करण / प्रसंस्करण के बारे में ज्ञान रखता / रखती हो ।
7. आवेदक को टीम प्रबंधन का अनुभव हो ।
8. आवेदक द्वारा क्रय / सप्लाई चैन से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया गया हो ।

**पद नाम : मैनेजर (प्रसंस्करण)**

**योग्यता :** बी.ई. / बी.टेक. मैकनिकल या खाद्य प्रसंस्करण में इंजीनियरिंग । संबंधित क्षेत्र में 01 वर्ष का अनुभव ।

**वांछित अनुभव :**

1. आवेदक को लघु वनोपज / आयुर्वेदिक औषधि / खाद्य उत्पादों / ग्रामीण उत्पादों के प्राथमिक प्रसंस्करण / प्रसंस्करण का अनुभव होना अनिवार्य है ।
2. आवेदक उत्पादों के निर्माण SoP तैयार करने की योग्यता होनी चाहिये ।
3. आवेदक को उत्पाद निर्माण संबंधी लाईसेंस प्राप्त करने एवं तकनीकी जानकारी का ज्ञान आवश्यक है ।
4. आवेदक द्वारा उत्पादों के लिए विभिन्न प्रकार के प्रमाणीकरण जैसे - GMP, ISO certification, Agmark, Organic Certification आदि का ज्ञान होना आवश्यक है ।
5. आवेदक को प्रसंस्करण केन्द्र प्रबंधन का अनुभव अनिवार्य है । प्रतिष्ठित ब्रान्ड के तहत अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी ।
6. आवेदक को औषधि / खाद्य उत्पादों के अनुसंधान विस्तार के बारे में ज्ञान होना अनिवार्य है ।
7. आवेदक को सप्लाई चैन प्रबंधन का अनुभव होना अनिवार्य है ।
8. आवेदक मांग अनुरूप उत्पादन करने में कार्य का अनुभवी हों ।
9. आवेदक को इंटरप्राइजेस मेंनेजमेंट में अनुभव हो ।
10. आवेदक FPO निर्माण आदि का अनुभव रखता है ।

**पद नाम : मैनेजर (विपणन)**

**शैक्षणिक योग्यता :** एम.बी.ए. (मार्केटिंग) मार्केटिंग क्षेत्र में 05 वर्ष का अनुभव ।

**वांछित अनुभव :**

1. आवेदक को कृषि/वनोत्पाद/ग्रामीण उत्पादों के विपणन का अनुभव अनिवार्य है ।
2. आवेदक को ब्रांड प्रमोशन का अनुभव होना चाहिए ।
3. आवेदक को सप्लाईचैन मैनेजमेंट का अनुभव होना अनिवार्य है ।
4. आवेदक को विपणन निति तैयार करने संबंधी ज्ञान होना चाहिए ।
5. आवेदक को रूरल मार्केटिंग संबंधी जानकारी होनी चाहिए ।

6. आवेदक सोशल मिडिया से प्रचार-प्रसार संबंधी गतिविधियों में अनुभवी हो तथा आवेदक को प्रचार-प्रसार आधार सामग्री तैयार करने का अनुभव होना चाहिए ।
7. आवेदक को थोक विक्रय एवं एक्पोर्ट के संबंध में जानकारी होना चाहिए ।
8. आवेदक को विक्रय निविदा एवं अन्य प्रकार के निविदाओं को आमंत्रित करने संबंधी अनुभव हो ।

**पद नाम : सहायक प्रोग्रामर (परियोजना)**

**शैक्षणिक योग्यता :** बी.टेक. कम्प्यूटर साईंस अथवा एम.एस.सी. आई.टी. अथवा एम.सी.ए. एवं एक वर्ष का प्रोग्रामिंग कार्य में अनुभव ।

**वांछित अनुभव :**

1. आवेदक को सॉफ्टवेयर निर्माण, संचालन का अनुभव हो ।
2. आवेदक को डेटा मैनेजमेंट सिस्टम में अनुभव हो ।
3. आवेदक सॉफ्टवेयर के क्रियान्वयन कराने के लिए सक्षम हो ।
4. आवेदक को डिजिटल फाइनेंस रैंकिंग आदि का अनुभव हो ।
5. आवेदक को गूगलशीट निर्माण, एक्सेल में सक्षम होना चाहिये ।

**पद नाम : एकाउंट असिस्टेंट (परियोजना)**

**शैक्षणिक योग्यता** - एम.कॉम. ।

**वांछित अनुभव : (प्राथमिकता)**

1. परियोजना, लेखा, अंकेक्षण ।
2. टैली उपयोग में 1 वर्ष का अनुभव ।